हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
(तिथि 13 मई 2025, समय 1810 (10 मिनट)

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज पंजाब के आदमपुर वायुसेना स्टेशन का दौरा किया।
- प्रधानमंत्री ने ओप्रेशन सिन्दूर के दौरान देश की रक्षा करने वाले सशस्त्र बलों के साहस वीरता और कार्यकुशलता की सरहाना की।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज पंचकूला में तिरगा यात्रा की अगुवाई की।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के जरिये पहलगाम हमले का बदला लेकर पाकिस्तान को बेनकाब किया गया।
- हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया कैथल के अरपनदीप ने प्रथम स्थान हासिल किया।
- केन्द्रीय मध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने भी 12वीं कक्षा के परिणाम की घोषणा की।

************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान को कड़ा संदेश देते हुए कहा है कि पाकिस्तान में अब कोई ऐसी जगह नहीं बची है, जहां आतंकवादी चैन की सांस ले सकें। उन्होंने कहा कि भारत के पास आतंकवादियों को उनके घर में घुसकर खत्म करने की क्षमता है। श्री मोदी ने यह बात पंजाब के आदमपुर वायुसेना स्टेशन पर वायु सेना के जवानों को संबोधित  करते हुए कही।

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा –

प्रधानमंत्री ने वायु सेना की प्रशंसा करते हुए कहा –

प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंक के आकाओं को अब यह एहसास हो गया है कि निर्दोष लोगों का खून बहाने का नतीजा केवल तबाही और पूरी तरह से विनाश ही होगा।

उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान देश की रक्षा करने वाले सशस्त्र बलों के साहस, वीरता और कार्यकुशलता की सराहना करते हुए कहा –

श्री मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने देश का मनोबल बढ़ाया है, देश को एकता के सूत्र में पिरोया है । उन्होंने कहा कि सशस्त्र बलों ने देश के गौरव को एक नई ऊंचाई दी है जो अभूतपूर्व, अकल्पनीय और असाधारण है।

************

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज  पंचकूला में यवनिका ओपन थियेटर से तिरंगा यात्रा का आगाज किया। यह यात्रा यवनिका ओपन एयर थिएटर से शहीद मेजर संदीप शांकला चौक तक निकाली गई।

यात्रा से पहले संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार, रणबीर गंगवा, अरविंद शर्मा, कृष्ण बेदी, श्याम सिंह राणा, महिपाल ढांडा, राज्य सभा सांसद रेखा शर्मा , बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी सहित कई अधिकारी भी शामिल हुए।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि यात्रा के माध्यम से ऑपरेशन सिंदूर में भारत के जाबांज वीर शहीदों को नमन किया जा रहा है। ऑपरेशन सिंदूर के जरिये पहलगाम हमले का बदला लेकर पाकिस्तान को बेनकाब किया गया है।
उन्होंने कहा -

************

प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं।

हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं।

यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल Akashvani News Chandigarh पर भी उपलब्ध हैं।

************

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। परीक्षा परिणाम 85.66 फीसदी रहा। छात्राओं की पास प्रतिशतता 89.41 और छात्रों की पास प्रतिशतता 81.86 रही। इसके अलावा 12वीं कक्षा की स्वयंपाठी परीक्षार्थियों का परिणाम 63.21 फीसदी तथा ओपन स्कूल का 36.35 व ओपन स्कूल रिअपीयर का परिणाम 49.93 प्रतिशत रहा।

बोर्ड के अध्यक्ष डा. पवन कुमार ने आज भिवानी में एक पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया –

डा. पवन कुमार-24 सेकंड

बोर्ड सचिव मनीष नागपाल ने बताया कि छात्राओं ने छात्रों से 7.55 फीसदी ज्यादा पास प्रतिशतता दर्ज की है। उन्होंने बताया-

मनीष नागपाल -32 सेकंड

परिणाम हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

******

कैथल के अर्पणदीप ने विद्यालय शिक्षा बोर्ड के परिणाम में पहला स्थान हासिल किया।

कैथल के अरपनदीप ने कहा

अरपनदीप

पास प्रतिशतता में जिला जींद अव्वल तथा जिला नूंह सबसे नीचे रहा।

***********

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड-सीबीएसई ने 12वीं और दसवीं कक्षा के परिणामों की घोषणा कर दी है। इस वर्ष 12वीं कक्षा के 88 दशमलव तीन-नौ प्रतिशत विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा पास की है जो पिछले वर्ष की तुलना में शून्य दशमलव चार एक प्रतिशत अधिक है। लड़कियों ने एक बार फिर लड़कों से बेहतर प्रदर्शन किया है। 91 प्रतिशत से अधिक लड़कियों ने परीक्षा पास की है जो कि लड़कों के मुकाबले पांच दशमलव नौ-चार प्रतिशत अधिक है। दसवीं कक्षा के 93 दशमलव छह-छह प्रतिशत रहा जो पिछले वर्ष की तुलना में शून्य दशमलव शून्य-छह प्रतिशत अधिक है। दसवीं की परीक्षा में भी लड़कियों लड़को से आगे रही 95 प्रतिशत से अधिक लड़कियों ने परीक्षा पास की है जो कि लड़कों के मुकाबले दो दशमलव तीन-सात प्रतिशत ज्यादा है। परीक्षा के परिणाम सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म पर देखे जा सकते हैं।

***********

केन्द्रीय मध्यमिक शिक्षा बोर्ड के पंचकूला क्षेत्र में 86 हजार 560 लड़कों व 67 हजार 108 लड़कियों ने परीक्षा दी। इनमें से 76 हजार 748, लड़कों व 63हजार 345 लड़कियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। पंचकुला क्षेत्र का कुल पास प्रतिशत 91दशमलव 17 प्रतिशत रहा ।

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी शेखर चंद्रा ने बताया-